
Hindi | हिन्दी

# MCC की प्रतिबद्धता बाल सुरक्षा के लिए



POWERED BY

# बाल सुरक्षा के लिए MCC की प्रतिबद्धता

**MCC (और बाहरी स्थानों) में आने वाले या भाग लेने वाले सभी बच्चों और युवाओं को सुरक्षित महसूस करने और सुरक्षित रहने, उनका सम्मान किए जाने, उनकी कदर किए जाने और नुकसान से बचे रहने का अधिकार है।**

MCC हमारे स्थल के भीतर और हमारे कार्यक्रमों में भागीदारी के माध्यम से सभी बच्चों और युवाओं की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य समृद्ध अनुभवों का निर्माण करना है और हम चाहते हैं कि बच्चे और युवा MCG के साथ अपने संबंध से सुरक्षित, खुश और सशक्त महसूस करें।

MCC हमारे स्थानों पर बच्चों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध है, और यह सुनिश्चित करता है कि सभी बच्चे और युवा अपने अधिकारों से अवगत हैं, उनके विचारों को गंभीरता से लिया जाता है और उन्हें उन निर्णयों में शामिल किया जाता है जो स्थल पर उन्हें और उनके पीयर्स (साथियों) को सीधे प्रभावित कर सकते हैं।

MCC एक बाल-सुरक्षित वातावरण का निर्माण करता है और उसे बनाए रखता है। बच्चों और युवाओं का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है, और हम ऐसे नुकसान या दुर्व्यवहार या किसी भी ऐसे आचरण को बिल्कुल सहन नहीं करते हैं जो बच्चों और युवाओं की सुरक्षा और भलाई के लिए खतरा हो।

हम प्रथम राष्ट्र के बच्चों और युवाओं, सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध बच्चों और युवा लोगों की आवश्यकताओं, विकलांगता ग्रस्त बच्चों और युवाओं तथा LGBTIQA+, ट्रांसजेंडर और/या नॉन-बाइनरी के रूप में पहचान करने वाले बच्चों और युवाओं की सुरक्षा की पहचान करते हैं। हम उन जरूरतों पर ध्यान देने के लिए सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त प्रथाओं और प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम मानते हैं कि बच्चों और युवाओं की सुरक्षा को बचाने और बनाए रखने के लिए कार्य करना सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और कांट्रेक्टरों (ठेकेदारों) की जिम्मेदारी है और हम खुलेपन की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं जो सभी लोगों को बच्चों और युवाओं को होने वाले नुकसान के पहचाने गए जोखिमों या चिंताओं का सुरक्षित रूप से खुलासा करने में सहायता करता है।

हम अपने बाल सुरक्षा दृष्टिकोण के संबंध में परिवारों और उन समुदायों के साथ खुले संचार में संलग्न होने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिन समुदायों के बच्चे और युवा लोग हिस्सा हैं। MCC परिवारों और समुदायों को हमारी नीतियों और कार्यविधियों के विकास और समीक्षा से संबंधित मामलों पर खुली बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

MCC बच्चों और युवाओं के साथ शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक दुर्व्यवहार और उपेक्षा किए जाने की रोकथाम करने और इससे उनकी रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। इसमें बच्चों और युवाओं को पीयर्स (साथियों) और संरक्षकों से बचाना शामिल है।

MCG
POWERED BY

**सुरक्षा-उपायों से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिए childsafety@mcc.org.au पर ई-मेल करें**

**किड्स हेल्पलाइन से www.kidshelpline.com.au या नि:शुल्क फोन 1800 55 1800 पर संपर्क करें**

**यदि आपको तत्काल खतरा है, तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें**